# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी०ए० / 7252
दिनांक : 04-03-2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव / निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– उत्तर प्रदेश बी०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2023 के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकारी, उ०प्र० सुयक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा–2023 बुदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के संलग्न कार्यालय पत्रांक–B.U./JEE-B.Ed/2023/386-387 दिनांक 03.03.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बुदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी की कोर कमैटी द्वारा की गयी संस्तुति एवं छात्रहित के दृष्टिगत शासन द्वारा शासनादेश संख्या–72 / सत्तर–7–2023–बी०एड०(09) / 2014 टी०सी० दिनांक 02.03.2023 के माध्यम से ऑनलाईन आवदन की तिथि निम्नवत् विस्तारित करने की अनुमति प्रदान की गयी है :–

**बिना बिलम्ब शुल्क के आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि– दिनांक 05.04.2023**

**बिलम्ब शुल्क सहित आवेदन की अंतिम तिथि– दिनांक 10.04.2023**

उक्त के क्रम में कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकारी, उ०प्र० सुयक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा–2023 बुदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के संलग्न पत्र के आलोक में मा० कुलपति महोदया जी के आदेशानुसार आपसे अपक्षा है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय / संस्थानों / परिसर के छात्र / छात्राओं को आवेदन एवं प्रवेश हेतु जागरूक करने के लिये अपने स्तर स कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

04-03-2023

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
03. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव

# BUNDELKHAND UNIVERSITY, JHANSI (UP) INDIA 284128

## उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा – 2023

Uttar Pradesh B.Ed., JEE - 2023

**Prof. Saurabh Srivastava**
State Co-Coordinator
9151019694

**Prof. D. K. Bhatt**
State Co-Coordinator
9151019693

**Prof. S. P. Singh**
State Coordinator
9151019692

**Vinay Kumar Singh**
Registrar/State Nodal Officer
9151019691


Ref. No.: B.U./JEE-B.Ed./2023/ 386-387

Date: 08/03/2023

सेवा में,

कुलसचिव
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय :—उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा—2023 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुये अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा अनुभाग—7, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के आदेश संख्या 01/सत्तर—7—2022—बी0एड0(09)/2014टी0सी0 दिनांक 03 जनवरी 2023 के द्वारा सत्र 2023—25 के बी0एड0 पाठयकम में प्रवेश हेतु संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा—2023 आयोजित कराने हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को आयोजक विश्वविद्यालय नामित किया गया है। प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि बिना विलम्ब शुल्क के दिनांक 03/03/2023 तक तथा विलम्ब शुल्क सहित दिनांक 10/03/2023 अंतिम तिथि निर्धारित की गयी थी। विश्वविद्यालय की कोर कमेटी द्वारा की गयी संस्तुति एवं छात्रहित के दृष्टिगत शासन द्वारा शासनादेश संख्या —72 /सत्तर—7—2023—बी0एड0(09)/2014 टी0सी0 दिनांक 02/03/2023 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की तिथि निम्नवत् विस्तारित करने की अनुमति प्रदान की गयी है।

- **बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – दिनांक** 05/04/2023
- **विलम्ब शुल्क सहित आवेदन की अंतिम तिथि – दिनांक** 10/04/2023

जैसा कि विदित है प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा शासन की प्राथमिकताओं में है। प्रशिक्षित अध्यापक ही शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का नये आयाम प्रदान कर सकते है। आने वाले समय में शासन द्वारा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया आरम्भ होनी है। सम्पूर्ण शैक्षिक उन्नयन हेतु बी0एड0 पाठयकम द्वारा प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त निजी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में भी बी0एड0 उपाधि धारक शिक्षको की काफी आवश्यकता होती है, बी0एड0 उपाधि धारक अभ्यर्थियों को उच्चव वेतन दिया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से बहुविषयक पाठयकमों, वैल्युएडेड कोर्सेस के पाठयकमों में सम्मिलित होने के कारण बी0एड0 प्रशिक्षित अध्यापकों की मांग बढ़ गयी है।

**BUNDELKHAND UNIVERSITY, JHANSI (UP) INDIA 284128**

**उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा – 2023**

Uttar Pradesh B.Ed., JEE - 2023

| Prof. Saurabh Srivastava | Prof. D. K. Bhatt | Prof. S. P. Singh | Vinay Kumar Singh |
|---|---|---|---|
| State Co-Coordinator | State Co-Coordinator | State Coordinator | Registrar/State Nodal Officer |
| 9151019694 | 9151019693 | 9151019692 | 9151019691 |

Ref. No.: B.U./JEE-B.Ed./2023/ Date: / /2023

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुये विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक अंतिम वर्ष/सेमेस्टर (5वें एवं 6वें) में अध्ययनरत अथवा परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र–छात्राओं को बी0एड0 पाठयक्रम में प्रवेश हेतु उपर्युक्त तिथियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ निर्धारित तिथि के पूर्व ऑनलाईन आवेदन करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करने का कष्ट करे।

आदेशानुसार यह भी अनुरोध है कि सम्बद्ध महाविद्यालयो को भी उपर्युक्त के प्रचार–प्रसार एवं अर्हताधारी छात्र छात्राओ तथा अपीयरिंग छात्र/छात्राओं को भी आवेदन एवं प्रवेश हेतु जागरूक करने के दिशा निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकरी
उ0 प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023

प्रतिलिपि :– विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा अनुभाग–7, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकरी
उ0 प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023